संस्थान में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन

दिनांक 12-12-2023 को संस्थान निदेशक डॉ. ओ.पी. यादव के निदेशानुसार ‘‘कार्यालयी हिन्दी का प्रयोग‘‘ विषय पर राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के प्रारंभ में उप निदेशक (रा भा) श्री नवीन कुमार यादव ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला की विषयवस्तु के बारे मे अवगत कराया। श्री नवीन कुमार यादव, उप निदेशक (रा भा) ने कार्यालयी प्रयोग में प्रारूपण, अनुवाद, टिप्पणी, प्रतिवेदन, पारिभाषिक शब्दावली के प्रयोग के संबंध में व्याख्यान सहित हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने हेतु पावर पोइंट प्रस्तुतिकरण दिया तथा कार्यालय में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग का अनुरोध किया। कार्यशाला में 20 से अधिक वैज्ञानिकों, तकनीकी एवं प्रशासनिक श्रेणी के अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया।